शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

## की प्रस्तुति

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




## माह फरवरी 2021

## संकलन

## काव्य मंजरी टीम

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**32**

दिनाँक- 01/02/2021

दिन- सोमवार

## सतपाल सिंह



कुश्ती के महाबली कोच महान,
दिलायी भारत को विश्व में पहचान।
जन्मे 1 फरवरी 1955 को,
दिल्ली में सतपाल सिंह पहलवान।।

प्रसिद्ध पहलवानों के प्रशिक्षक,
ओलंपिक विजेता सुशील कुमार के शिक्षक।
1982 एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता,
पूर्व पहलवान व कुश्ती पहलवानों के प्रणेता।।

कुश्ती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु,
प्राप्त हुआ पद्मश्री सम्मान।
कुश्ती में बहुमूल्य योगदान हेतु,
अर्जुन पुरुस्कार व पद्मभूषण सम्मान।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

🙏रचना
सुमन पांडेय( प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी
शि०क्षे०-खजुहा,फतेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।

9458278429

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

33

दिनाँक- 02-02-2021

दिन- मंगलवार

### जन्मदिवस

### अमृत कौर



जन्म दिवस दो फरवरी,
सन अट्ठारह सौ नवासी को।
अमृत कौर के नाम से जानें,
राजकुमारी लखनऊ वासी को।।

इंग्लैण्ड में शिक्षा पायी,
हॉकी क्रिकेट भी खेली थीं।
कैप्टन रहीं स्पोर्ट्स टीम की,
स्वतन्त्रता संग्राम भी झेलीं थीं।।

गांधी सा उज्जवल विचार,
दाण्डी मार्च सहायक थीं।
भारत छोड़ो आन्दोलन से,
स्वतन्त्रता की वाहक थीं।।

आजाद भारत की पहली,
हेल्थ मिनिस्ट्री पायी थी।
पहली प्रेसिडेन्ट एशिया की,
एम्स की स्थापना करायी थी।।



रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ0)
संविलियत विद्यालय खजनी
रुद्रपुर, गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान





# टाइम लाइन एक्सप्रेस

**दिनाँक- 3 फरवरी 2021** **34** **दिन- बुधवार**

## बाबा रामसिंह



बसंत पंचमी 3 फरवरी 1816 को,
जन्मे बाबा रामसिंह कूका।
बनाया आधार आध्यात्मिक प्रवृति को,
और आजादी का बिगुल फूंका।।

छह अन्तर्जातीय विवाह करा के,
बने सामाजिक कुरीतियों के निवारक।
सतगुरु एक महान रहनुमा सुधारक,
बने मुखिया असहयोग आन्दोलन के।।

सफेद रंग का स्वतंत्रता ध्वज फैलाया,
अंग्रेजी सेना के विरुद्ध शंखनाद करके।
भारतीयों को राजनैतिक हथियार बनाया,
अंग्रेजी सेवाओं का बहिष्कार करके।।

सिक्ख नामधारी पंथ के संस्थापक,
बने प्रथम नेता कूका विद्रोह के।
भाईचारे सहनशीलता के प्रचारक,
कूका जी प्रेरणास्रोत जनमानस के।।

रचना - आरती यादव (स॰ अ॰)
प्रा॰ वि॰ रनिया प्रथम
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 04/02/2021 35 दिन- गुरुवार

## पद्मा सुब्रमण्यम

4 फरवरी 1943 नृत्य में चमका एक सितारा,
नृत्य में समर्पित था जिनका जीवन सारा।
भारतीय शास्त्रीय भरतनाट्यम की थी नर्तकी,
विदेशों में दिखाया हुनर नृत्य का प्यारा।



पिता भारतीय फिल्म निर्माता, मां संगीतकार,
इनसे ही मिला पद्मा को नृत्य का आधार।
वजूवर .वी. रामैया द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया,
14 वर्ष की उम्र से किया नृत्य से प्यार।

कोरियोग्राफर, संगीतकार, गायिका और शिक्षिका,
इतना ही नहीं था परिचय और थी वे लेखिका।
डांस फॉर्म की संस्थापक, भरतनाट्यम की संस्थापक,
बहुमुखी प्रतिभा की धनी एक सच्ची थी साधिका।

नृत्य था सांसों में उनकी जीवन की बूटी,
जिंदगी से आस उनकी कभी न थी टूटी।
फेहरिस्त लिखूं तो कलम ना लिख पाएगी,
रिसर्च स्कॉलर, इंडोलॉजिस्ट के रूप में बोलती थी तूती।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 05/02/2021 | 36 | दिन- शुक्रवार

# जानकी बल्लभ शास्त्री



5 फरवरी सन 1916 मे जानकी जी,
औरंगाबाद प्रान्त में जन्म लिये।
12 वर्ष की अल्पायु में ही,
छाया देवी के संग में विवाह किये।।

प्रसिद्ध कवि, लेखक और नाटककार,
रचनाओं में छन्दों का खूब प्रयोग किये।
छायावाद के थे अन्तिम स्तम्भ,
'राधा' महाकाव्य से जगत में प्रसिद्ध हुए।।

40 के दशक में लिखी अनेक कथाएँ,
गाथा में इन्हें समाहित किये।
अंकुर, तीर तरंग, संगम से,
हिन्दी जगत में सम्मानित हुए।।

भारत भारती सम्मान दिया,
उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने।
7 अप्रैल सन 2011 में,
अन्तिम सांस ली जानकी जी ने।।

रचना- साधना (प्र०अ०)
कंपोजिट स्कूल ढोढ़ियाही
तेलियानी, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक 6 फरवरी 2021

37

दिन- शनिवार





## जन्मदिवस
## कवि प्रदीप



देशभक्ति की रचनाओं से, जन को उद्वेलित करने।
कवि प्रदीप ने गीत लिखे, जनता को प्रेरित करने।।

"आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं " देश का गौरव गाये।
"ये मेरे वतन के लोंगो" मनोबल सेना का बढ़ाए ।।

जिनके गीतों से चाचा नेहरू के अश्रु बहे थे।
वो प्रदीप उज्जैन शहर में 6 फरवरी को जन्मे थे।।

रामचन्द्र था मूल नाम, पिता नारायण द्विवेदी थे।
फिल्मों में लिखकर गीत, देश की सेवा की थी।।

शिक्षक बनना चाहा, बन गए कवि व गीतकार।
दादा साहेब फाल्के अवार्ड का पाया उपहार।।

"आज हिमालय की चोटी से" गीत लिखा न्यारा।
1998को नींद में खो गया कवि प्राणों से प्यारा।।



रचना- सीमा मिश्रा (स.अ.)
उ. प्रा. वि. काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

38

दिनाँक- 07/02/2021

दिन- रविवार

# किदाम्बी श्रीकान्त

जन्मदिवस




किदाम्बी श्रीकान्त,
बहुत अच्छे खिलाडी़।
जन्म हुआ गुन्टूर,
आन्ध्र प्रदेश के निवासी।।

छोटे सी उम्र में,
बने बहुत बड़े खिलाडी़।
चाइना ओपन सुपर सीरीज,
जीत बने महान खिलाड़ी।।

हैदराबाद में हुआ प्रशिक्षण,
बैडमिन्टन का लिया शिक्षण।
उतार चढ़ाव से भरा इनका जीवन,
बैडमिन्टन में भारत के खिलाड़ी नम्बर वन।।

रचना- अर्पणा दुबे
अनूपपुर, मध्यप्रदेश



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 08/02/2021

39

दिन- सोमवार

## डॉ जाकिर हुसैन



डॉ जाकिर हुसैन का जब, हुआ धरती पर आना।
जन्मे 8 फरवरी 1897 को, हैदराबाद के तेलंगाना।।
शिक्षाविद और अर्थशास्त्री, बनकर देश में छाए।
राजनीति और स्वतन्त्रता सेनानी, का भी रोल निभाए।।

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय।
योगदान इसमें दिया, बनके एक हिमालय।।
एक आया ऐसा भी साल, जब बने बिहार के राज्यपाल।
भारत के तीसरे राष्ट्रपति बन, डॉ जाकिर हुसैन ने किया कमाल।।

पद्म विभूषण से सम्मानित, भारत रत्न भी पाया।
अलीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति, बनकर नाम कमाया।।
3 मई 1969 को जब, छोड़ी अपनी देह।
पूरा देश रोया तब, ऐसा किया स्नेह।।


रचना-
आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुखसौरा
मलासा, कानपुर देहात




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

40

दिनाँक- 09/02/2021

दिन- मंगलवार

## बाबा आम्टे



भारत के प्रमुख समाजसेवी थे बाबा आम्टे,
भारत के मेधावी व्यक्तित्व थे बाबा आम्टे।
सामाजिक कार्यों के लिए विख्यात थे बाबा आम्टे,
परित्यक्त व कुष्ठ रोगियों के मसीहा थे बाबा आम्टे।।

नर्मदा बचाओ आंदोलन के कर्णधार थे बाबा आम्टे,
वन्य जीवन संरक्षण के लिए विख्यात थे बाबा आम्टे।
आनन्द वन के स्थापनकार थे बाबा आम्टे,
मजदूर किसानों के हितैषी थे बाबा आम्टे।।

भारत जोड़ो आंदोलन के प्रणेता थे बाबा आम्टे,
एकता की भावना के मसीहा थे बाबा आम्टे।
पर्यावरण के हितैषी थे बाबा आम्टे,
पद्मभूषण विजेता थे बाबा आम्टे।।

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्तकर्ता थे बाबा आम्टे,
मानवाधिकारों के मसीहा थे बाबा आम्टे।
9 फरवरी को संसार से विदा हो गए बाबा आम्टे,
गाँधी शान्ति पुरस्कार के सही अर्थों में प्राप्तकर्ता थे बाबा आम्टे।।

रचना- अंजली मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय असनी-1
भिटौरा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 10/02/2021 | 41 | दिन- बुधवार

## जन्मदिवस कवि- कुमार विश्वास

10 फरवरी 1970 सरस्वती पूजन पर,
एक कलम के दूत का उ० प्र० में जन्म हुआ।
पिता चन्द्रपाल शर्मा, माता हैं रमा शर्मा,
कुमार विश्वास के नाम से मशहूर हुआ।।



हिन्दी को जन-जन तक पहुँचा कर,
देश-विदेश में खूब नाम किया है।
मुशायरों और कवि सम्मेलनों को,
इन्होंने एक नया आयाम दिया है।।

हजारों मंचों पर कविताएँ पढ़ चुके हैं,
युवा पीढी को साहित्य से जोड़ रहे हैं।
'अपने-अपने राम' जैसे कार्यक्रमों से,
हमारी संस्कृति की तरफ मोड़ रहे हैं।।



एक अच्छे प्रवक्ता, गीतकार, कवि हैं आप,
आने वाली लेखनियों के मार्गदर्शक बने।
आपकी लेखनी यूँ ही निरन्तर चलती रहे,
आप पर माँ हिन्दी की कृपा बनी रहे।।

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

42

दिनाँक- 11/02/2021

दिन- गुरुवार

# तिलका मांझी



अंग्रेजों के विरुद्ध सर्वप्रथम आवाज उठाई,
फिर क्यों हमने उसकी, बात है भुलाई।
थे भारत के आदि विद्रोही,
1750 में जन्म था भाई।।
ग्राम प्रधान थे समुदाय के,
मांझी पुकारा जाता।
अपने लोगों पर अत्याचार,
सहा न जाता।।

अन्याय और गुलामी के,
खिलाफ जंग छेड़ी।
एकजुटता दिखाकर,
काटी जाति-धर्म की बेड़ी।।
अंग्रेज कलेक्टर अगस्टस,
क्लीवलैंड को मार गिराया।
ब्रिटिश सरकार को अपने,
कारनामे से धमकाया।।

13 जनवरी 1785 को,
फाँसी पर चढ़ाए गये।
स्वतंत्रता की चिंगारी,
अंग्रेज ना बुझा पाए।।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# टाइम लाइन एक्सप्रेस


## 43

दिनाँक- 12-02-2021

दिन- शुक्रवार

## पंडित रविशंकर

संगीत से अलौकिक अनुराग था,
सितार वादन की कला का अद्भुत संगम था।
भारत का नाम विश्व में ऊँचा किया था,
पंडित रविशंकर जिनका नाम था।।



लिया जन्म 07 अप्रैल 1920 को,
धन्य किया वाराणसी की धरा को।
नाम जनक का श्याम शंकर था,
सितार वादन रग-रग में बसा था।।

सितार वादन की अनुपम कला में,
परचम अपना लहराया था।
देश में ही नहीं विदेशों में भी,
शास्त्रीय संगीत का लोहा मनवाया था।।

नवाजे गये भारत रत्न, पद्मविभूषण से,
सम्मानित हुए कॉमनडियर डीला लीजंड डि फ्रांस से।
देहवसान हुआ 11 दिसम्बर 2012 में,
बसे हैं संगीत सम्राट सबके हृदयों में।।



**रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)**
**उ० प्रा० वि० अमौली (1-8)**
**अमौली, जनपद- फतेहपुर**

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 13/02/2021

44

दिन- शनिवार

## सरोजिनी नायडू



जन्म लेती है सौभाग्य से,
सरोजिनी नायडू जैसी शख्सियत।
13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में,
जन्मी भारत कोकिला की हैसियत।।

विद्वान पिता अघोरनाथ की लाडली बेटी,
बड़ी हो रचनाकार बनीं, माता थीं कवयित्री।
परवरिश हुई भारत में, इंग्लैण्ड से उच्च शिक्षा,
जन-जन तक पहुँचायी देशभक्ति की शिक्षा।।

कुशल सेनापति की भाँति दिया,
सत्याग्रह व संगठन में परिचय।
धीर वीरांगना की भाँति जगाया,
भारतवर्ष में देशभक्ति का निश्चय।।

देशवासियों को दिलाती रहीं कर्तव्यों की याद,
स्वतन्त्रता के बाद उत्तर प्रदेश की बनीं राज्यपाल।
श्रीमती एनीबेसेंट व गांधी जी की शिष्या,
नमन है "द नाइटिंगेल आफ इण्डिया"।।

---

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना- सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 14/02/2021 | 45 | दिन- रविवार

## पुलवामा के वीर शहीद



तुम बुझे हुए दीप नहीं,
जलते हुए सूरज हो तुम।
सर्वस्व वतन पर लुटा गए,
वो अमर शहीद हो तुम।।

तुम माँ की पुचकारी थे,
घर की तुम फुलवारी थे।
ममता का कर्ज चुका गए,
वो अमर शहीद हो तुम।।

बूढ़े पिता का तुम सहारा थे,
ढ़लती आँखों का उजियारा थे।
पीढ़ियों को रोशन कर गए,
वो अमर शहीद हो तुम।।

इस जग में जगमग हो गए,
तुम अपना फर्ज़ निभा गए।
माटी का कर्ज चुका गए,
हाँ वो अमर शहीद हो तुम।।

रचना-अंशिका शर्मा (स•अ•)
प्राथमिक विद्यालय नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस


दिनाँक-15फरवरी2021

46

दिन- सोमवार

### *कवि नरेश मेहता*






आधुनिक कविता के वो शिल्पी,
दूसरा सप्तक के प्रमुख रचयिता।
मध्य प्रदेश के शाजापुर कस्बे में,
15 फरवरी को जन्मे नरेश मेहता।।

पण्डित बिहारीलाल के सुत ने,
कविता को नया आयाम दिया।
अरण्या, चैत्या, उत्तर कथा लिख,
हिन्दी खड़ी भाषा को धन्य किया।।

ऑल इंडिया रेडियो में नौकरी,
प्रेमचन्द सृजन पीठ के निदेशक।
ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कर,
नयी कविता के बने अन्वेषक ।।

अलंकारों से युक्त नवीन छंद,
उनकी काव्य की विशेषता थी।
22 नवंबर 2000 को खो दिया,
काव्य की जो प्राणवान ऊर्जा थी।।



रचना-
सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

47

दिनाँक-16/02/2021

दिन- मंगलवार

## शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय



हुगली जिले देवानन्दपुर में जन्म लियो,
मात-पिता की नौवीं थी सन्तान।
ग़रीबी सहते हुए नाना ने किया पलायन,
हम-उम्र बच्चों संग खूब हुआ रसाज्ञान।।

छात्रवृति से शिक्षा ले परीक्षा की पास,
इसी समय साहित्य सभा का रखा मूलाधार।
गृहदाह, बड़ी दीदी पर लिख डाला उपन्यास,
उन्नीस सौ में सन्यासी बने, किया पिता का श्राद्ध।।

रंगून के प्रस्थान में, लिया शराबी बंगचद्र का साथ,
चरित्र हीन का बीज पड़ा, हुआ सेविका से प्यार।
1921 में लिया कांग्रेस आन्दोलन में भाग,
राजनीति और साहित्य में खूब किया प्रतिभाग।।

बासठ वर्ष की उम्र में, हुआ दाह-संस्कार,
आवारा मसीहा लेख से खूब हुआ प्रसार।
श्रीकान्त, देवदास पर किया उल्लेखनीय काम,
डाक टिकट जारी हुआ शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय के नाम।।




रचना
ऊषा रानी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० खाता (1-8)
मवाना, मेरठ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 17-02-2021

48

दिन- बुधवार

### जन्मदिवस

### सरदार पूर्णसिंह



सलहद गाँव में जन्म लिया,
17 फरवरी सन 1881 को।
धर्म परायण माँ के बेटे थे,
जग जाने एटमाबाद वासी को।।

सरदार करतार सिंह के तनय,
स्वामी रामतीर्थ से प्रभावित थे।
भावात्मक, लाक्षणिक शैली के जनक,
हिन्दी विषय स्नेह को ललायित थे।



मज़दूर और प्रेम, कन्यादान,
पवित्रता, आचरण की सभ्यता।
निबन्धकार के रूप में चर्चित,
सन 1931 को सबसे हुए विदा।।

रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ0)
संविलियत विद्यालय खजनी
रुद्रपुर, गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

49

दिनाँक- 18 फरवरी 2021

दिन- गुरूवार


# चैतन्य महाप्रभु



18 फरवरी 1486 को जन्मे,
भारतीय सन्त चैतन्य महाप्रभु।
मायापुर में सिंह लग्न में जन्मे,
भक्ति योग के प्रचारक महाप्रभु।।

बाल्यकाल के विशम्भर निमाई बने,
पारंगत थे न्याय और व्याकरण में।
श्री कृष्ण के अवतार निमाई बने,
पिरोया विश्व मानव को एक सूत्र में।।

अटठारह शब्दीय कीर्तन महामंत्र है,
रचना वैष्णव धर्म के अनुयायी की।
नारद भक्ति से रोम- रोम प्रभावित है,
नारायण का पाठ करती वाणी उनकी।।

नींव रखी गौड़ीय सम्प्रदाय की,
विलुप्त वृन्दावन को बसा कर।
ऊँच-नीच की भावना दूर की,
हिन्दू-मुस्लिम एकता को बढ़ा कर।।


रचना- आरती यादव (स०अ०)
प्रा०वि० रनिया प्रथम
सरवनखेड़ा कानपुर देहात




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 19/02/2021

50

दिन- शुक्रवार

# गोपाल कृष्ण गोखले



जिसने सरकार के बजट पर,
जोरदार दहाड़ लगाई।
उनकी हर बात देश के,
इतिहास में नया रंग लाई।।

ऐसे थे देश के महान वीर-योद्धा,
गोपाल कृष्ण गोखले।
जिन्होंने बता दिए बर्तानिया,
सरकार के सारे काम खोखले।।

इनके कुछ अहम फैसलों से,
कुछ दिनों के लिए तिलक हो गए थे ख़िलाफ़।
जबकि यह चाहते थे भारतीय शिक्षित,
होंगे तभी हो सकते हैं आजाद।।

जिन्हें गाँधी जी और जिन्ना,
मानते थे अपना राजनीतिक गुरु।
अब उनकी हर बात अखबारों पर,
आनी हो गई थी शुरू।।

गोखले के बुलंद हौसले,
भ्रष्टाचार के खिलाफ भर रहे थे हर रोज रफ्तार।
लोग इनकी खबर पढ़ने के लिए,
लगा लेते थे अखबारों की दुकान पर कतार।।

यह गाँधी जी द्वारा मेंमना की भाँति दयालु,
और शेर की तरह साहसी कहलाए।
इन्होंने अपनी जिंदगी के अनमोल,
48 साल देश की भलाई आजादी में लगाए।।

ऐसे आदर्श पुरुष ने 19 फरवरी 1915 में,
पावन भूमि मुंबई में अपनी आँखें मूँदा लीं।
इस भारत देश की आजादी की दुआ,
माँग कर भारतीयों से हमेशा के लिए विदा ली।।


रचना-
सोनी खान
बुलंदशहर उत्तर प्रदेश


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**51**

दिनाँक- 20-2-2021 दिन- शनिवार

## हिमाचल प्रदेश भारतीय संघ का 24 वाँ राज्य बना






हमारा देश है बड़ा निराला,
पूरे विश्व में इसका बोलबाला।
कई राज्यों का यह है मेला,
प्रेम का रहता इसमें रेला ।।

हिम प्रदेश के बड़े तराने,
हर औषधि के यह हैं खजाने।
20 फरवरी 1987 को हुआ निर्माण,
हिमाचल प्रदेश इसे लगे बताने।।

पूर्वोत्तर भी हुआ भाग हमारा,
पूरे भारत मे करता ये उजियारा।
असम राज्य का हुआ बंटवारा,
मिजोरम व अरुणाचल का महत्व सारा।।

भारतीय संघ का हुआ विस्तार,
23 वाँ राज्य का मिजोरम हकदार।
अरुणाचल का बढ़ा अब मान,
बन गया वह 24 वाँ राज्य महान।।




रचना- अंजली मिश्रा (स०अ०)
प्रा० वि० असनी-1
भिटौरा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 21/02/2021

52

दिन- रविवार

# सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला



21 फरवरी 1896 को बंगाल मे जन्म लिया,
कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने।
स्वच्छन्द प्रकृति के कारण मन लगता था,
इनका घूमने, तैरने और कुश्ती लडने में।।

हिन्दी, बांग्ला, संस्कृत और अंग्रेजी के ज्ञाता,
छायावाद के एक स्तम्भ माने जाते हैं।
ये प्रगतिवाद, प्रयोगवाद और नये काव्य के,
जनक के रूप में भी जाने जाते हैं।।

बचपन मे माँ गुजरी, फिर पत्नी, बाद में,
इकलौती पुत्री का निधन हो गया था।
दैवी और आर्थिक तंगी के बावजूद,
लक्ष्य डिगा नहीं और धैर्य नहीं खोया था।।

समन्वय पत्रिका का सम्पादन, अनुवाद,
और स्वतन्त्र लेखन भी किया करते थे।
अनामिका, अप्सरा, अलका, परिमल, सखी,
रचकर दार्शनिकों सा जीवन जिया करते थे।।




रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना(1-8)
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 22 फरवरी 2021

53

दिन- सोमवार

## सोहन लाल द्विवेदी




प्रसिद्ध कवि हिन्दी काव्य जगत के,
राष्ट्रकवि सोहन लाल द्विवेदी महान।
जन्म लेकर 22 फरवरी 1906 को,
बढ़ाई उत्तरप्रदेश फतेहपुर की शान।।

रचनाओं में मूर्धन्य स्थान बनाया,
राष्ट्रीयता पर कवितायें लिख कर।
अहिंसा क्रांति को सबल बनाया,
गाँधीवाद के भाव को वाणी देकर।।

देशप्रेम से ओतप्रोत थी भैरवी रचना,
द्विवेदी जी की प्रथम प्रकाशित रचना।
बाल साहित्य जगत के आचार्य महान,
अधिकार बालसखा का किया सम्पादन।।

हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि हैं,
राष्ट्रकवि सोहन लाल द्विवेदी जी।
साहित्यिक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं,
पद्मश्री उपाधि से अलंकृत द्विवेदी जी।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना - अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ०प्रा०वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 23 फरवरी 2021

54

दिन- मंगलवार

### विषय- दिवस विशेष
### एल्युमिनियम की खोज



एल्युमीनियम Aluminum
13
Al
26.9815

वैज्ञानिक इतिहास में,
विशेष है आज का दिन।
23 फरवरी 1886 को,
खोजी धातु एल्युमिनियम।।

वैज्ञानिक मार्टिन हेल ने,
खोज की थी इस धातु की।
परिवहन के साधन निर्माण में,
उपयोगिता इस धातु की।।

विद्युत और ऊष्मा की,
चालक धातु ये होती।
हवाई जहाज बनाने में,
काम धातु ये आती।।

Al रासायनिक चिन्ह है,
परमाणु संख्या इसकी तेरह।
उड़ीसा स्थित नाल्को कम्पनी,
एल्युमिनियम बनाए बहुतेरा।।



रचना - सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान
## टाइम लाइन एक्सप्रेस
55
दिनाँक- 24/02/2021
दिन- बुधवार

## इब्नबतूता

विद्वान, अरब-यात्री था इब्नबतूता,
पूरा नाम मोहम्मद बिन अब्दुल्ला इब्नबतूता।
मुस्लिम यात्रियों में था महान,
21 वर्ष की आयु में प्रारम्भ की यात्रा।।




24 फरवरी 1304 को जन्म पाया,
धर्म का था इस पर गहरा साया।
राज्य काल था मोहम्मद तुगलक का,
1333 में इब्नबतूता भारत आया।।

तुगलक था इसकी बुद्धिमत्ता से प्रभावित,
किया इसको फिर काजी नियुक्त।
यात्रा वृत्तांत था उसने लिखा,
शासकों, रीति-रिवाजों का हाल वर्णित।।

यात्रा पूरी की 75000 मील की,
प्रशंसा की भारत की सेवासंस्था की।
भूगोलविद और था धर्मानुरागी,
मोरक्को में अंतिम साँस ली।।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-25/02/2021 **56** दिन- गुरुवार


## अमरनाथ झा



भारत के प्रसिद्ध विद्वान व कुशल वक्ता,
साहित्यकार, शिक्षाशास्त्री, अमरनाथ झा।
जन्मे 25 फरवरी 1897 को विद्वान थे पिता,
अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गंगानाथ झा।।

जन्म स्थान था बिहार के मधुबनी में,
बहुमूल्य योगदान हिन्दी को राजभाषा बनाने में।
वाइस चांसलर रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में,
प्रतिनिधित्व किया अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में।।

कैरियर की शुरुआत अध्यापन कार्य से,
ख्याति पायी हैमलेट, पद्मपराग से।
शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए,
सम्मानित हुए 1954 में पद्मभूषण से।।




रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि० टिकरी-मनौटी, खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 26/02/2021 | 57 | दिन- शुक्रवार

# मृणाल पाण्डेय

26 फरवरी सन 1946 को म० प्र० के,
टीकमगढ़ गाँव में छायी खुशियाँ।
सुखदेव पन्त और गौरव पन्त शिवानी के घर,
आने लगी मृणाल पाण्डेय के जन्म की बधाइयाँ।।



इलाहाबाद वि० वि० से अंग्रेजी साहित्य में,
स्नातक शिक्षा का अध्ययन किया।
प्रयाग, भोपाल, दिल्ली वि० वि० में,
रहकर अध्यापन कार्य भी किया।।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के,
अध्यक्ष अरविन्द पाण्डेय संग विवाह किया।
समाज सेवा में भी थी गहरी रूचि,
स्टार टी० वी० के लिए भी कार्य किया।।

चार दिन की जवानी, एक स्त्री का विदागीत,
जैसी लिखी अनेक कहानियाँ,
आजादी के बाद के बदले परिवेश को,
अपने नाटकों में रेखांकित किया।।



रचना

साधना सचान (प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० ढोढ़ियाही (1-8)
तेलियानी, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 27/02/2021 **58** दिन- शनिवार

# विजय सिंह पथिक



27 फरवरी 1882 को एक पहर में,
विजय सिंह पथिक जन्मे बुलन्दशहर में।
पिता हमीर सिंह गुर्जर, माता कमल कुमारी,
अंग्रेजों से लड़ने में, लगाई शक्ति सारी।।

रासबिहारी बोस संग शचीन्द्रनाथ सान्याल,
मिलकर सब ने साथ में जमकर किया कमाल।
बिजौलिया किसान आन्दोलन का जब किया आगाज,
देख तमाशा दंग हुए अंग्रेजी शासक आज।।

प्रमुख स्वतन्त्रता सेनानी, कवि, लेखक, पत्रकार हुए,
राष्ट्रीय पथिक के नाम से जीवन में साकार हुए।
नयी दिशा दी पीढ़ी को, और दिया आधार,
28 मई 1954 को गये परलोक सिधार।।



रचना- आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
पू० मा० वि० सुखसौरा,
मलासा, कानपुर- देहात

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

59

दिनाँक- 28-2-2021

दिन- रविवार

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




अठ्ठाईस फरवरी को हम सब,
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाते हैं।
विद्यार्थियों को आज के दिन,
विज्ञान के महत्व को बताते हैं।।

सत्य-अहिंसा की खोज करे,
तब निष्कर्ष पर पहुँचाएँ।
बिना तथ्य और खोजों के यह,
न कार्य करना सिखलाएँ।।

गलत धारणा, अंधविश्वास को,
विज्ञान मन से निकालता है।
समाज में जागरूकता लाकर,
जीवन को निखारता है।।

वैज्ञानिक चंद्रशेखर रमन जी के,
जन्मदिन को यह दिन समर्पित है।
सी०वी० रमन जी पूरा जीवन,
विज्ञान जगत को अर्पित है।।




रचना-
शहनाज़ बानो (स० अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय-भौरी
मानिकपुर, चित्रकूट

# रचनाकारों की सूची

32- 01 फरवरी 2021, सतपाल सिंह, सुमन पांडेय, फतेहपुर
33- 02 फरवरी 2021, अमृत कौर, सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
34- 03 फरवरी 2021, बाबा रामसिंह, आरती यादव, कानपुर, देहात
35- 04 फरवरी 2021, पद्मा, सुब्रमण्यम, नम्रता श्रीवास्तव, बांदा
36- 05 फरवरी 2021, जानकी वल्लभ शास्त्री, साधना, फतेहपुर
37- 06 फरवरी 2021, कवि प्रदीप, सीमा मिश्रा, फतेहपुर
38- 07 फरवरी 2021, किदाम्बी श्रीकान्त, अर्पणा दुबे, अनूपपुर, मध्यप्रदेश
39- 08 फरवरी 2021, डॉ० जाकिर हुसैन, आलोक श्रीवास्तव, कानपुर देहात
40- 09 फरवरी 2021, बाबा आम्टे, अंजली मिश्रा, फतेहपुर
41- 10 फरवरी 2021, कवि कुमार विश्वास, ज्योति सागर, बागपत
42- 11 फरवरी 2021, तिलका मांझी, नम्रता श्रीवास्तव, बांदा
43- 12 फरवरी 2021, पंडित रविशंकर, प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
44- 13 फरवरी 2021, सरोजिनी नायडू, सुमन पांडेय, फतेहपुर
45- 14 फरवरी 2021, पुलवामा के वीर शहीद, अंशिका शर्मा, एटा
46- 15 फरवरी 2021, कवि नरेश मेहता, सीमा मिश्रा, फतेहपुर
47- 16 फरवरी 2021, शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय, ऊषा रानी, मेरठ
48- 17 फरवरी 2021, सरदार पूर्णसिंह, सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
49- 18 फरवरी 2021, चैतन्य महाप्रभु, आरती यादव, कानपुर देहात
50- 19 फरवरी 2021 सोनी खांन, बुलंदशहर
51- 20 फरवरी 2021, हिमाचल प्रदेश भारतीय संघ का 24 वाँ राज्य बना, अंजलि मिश्रा, फतेहपुर
52- 21 फरवरी 2021 सूर्यकांत निराला, ज्योति सागर ,बागपत
53- 22 फरवरी 2021 सोहन लाल द्विवेदी, अनुप्रिया यादव फ़तेहपुर
54- 23 फरवरी 2021, एल्युमिनियम की खोज, सीमा मिश्रा, फतेहपुर
55- 24 फरवरी 2021, इब्नबतूता, नम्रता श्रीवास्तव, बांदा
56- 25 फरवरी 2021, अमरनाथ झा, सुमन पांडेय, फतेहपुर
57- 26 फरवरी 2021, मृणाल पांडेय, साधना सचान, फतेहपुर
58- 27 फरवरी 2021, विजय सिंह पथिक, आलोक श्रीवास्तव, कानपुर देहात
59- 28 फरवरी 2021, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, शहनाज़ बानो, चित्रकूट

**तकनीकी सहयोग:-**
**जितेन्द्र कुमार, बागपत**
**सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर**
**आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद**

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**